Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 23-05-2006

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

>

Title : Need to provide special economic package to solve the acute shortage of potable water in Uttaranchal.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : महोदय, विगत कुछ सालों से उत्तरांचल प्रदेश का पूरा पर्वतीय क्षेत्र भीघया पेयजल संकट से प्रभावित है। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय ने लगातार मांग करने पर पिछले वित्तीय र्वा में उत्तराचंल को पेयजल हेतु करीब 58 करोड़ रूपये प्र ादान किये थे तथा लिफ्ट पेयजल योजनाओं हेतु केन्द्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को योजना निर्माण हेतु अधिकृत कर दिया था।

परन्तु अभी भी पर्वतीय क्षेत्र का अधिकांश भाग पेयजल के लिये त्राहि त्राहि कर रहा है। इस स्थिति में सडकों से जुड़े हुए प्रत्येक स्थान पर हैंड पम्प तथा स्रोत व लिफ्ट की पेयजल योजनायें बनाये जाने की आवश्यकता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह उत्तरांचल के पर्वतीय क्षेत्र में व्याप्त पेयजल संकट के निवारण हेतु उत्तरांचल सरकार को रू0 500 पांच सौ करोड़ रूपये, की विशेा आर्थिक सहायता प्रदान करें।

---

*Teated as laid on the Table